SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703
Academic session 2024-25
Class Notes

CLASS: 3 SUBJECT: हिंदी
Prepared By: Salma (Date:) LESSON- 1 कविता क) वंदना, ख) देश हमारा
व्याकरण-1. भाषा

प्रश्न-१) शब्दार्थ मधुश्री पाठ्यपुस्तक से नोटबुक में लिखिए।

प्रश्न-२) दिए गए शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए-

क) वंदना - प्रार्थना
वाक्य - हमें ईश्वर से रोज वंदना करनी चाहिए।

ख) मनोकामना- मन की इच्छा
वाक्य- ईश्वर हमारी मनोकामना पूरी करते हैं।

प्रश्न-३) खाली स्थान भरिए-

क) कवि अपने हृदय के अंधकार को दूर करने के लिए **ईश्वर** से प्रार्थना कर रहे हैं।
ख) देश को **पिता** के समान बताया गया है।
ग) बच्चे अपने **देश** का शीष ऊँचा करना चाहते हैं।

प्रश्न-४) दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए -

क) लक्ष्य की प्राप्ति के लिए नन्हे पथिक को क्या चाहिए?

उत्तर- लक्ष्य की प्राप्ति के लिए नन्हे पथिक को पग और पर चाहिए।

ख) बच्चे देश के लिए क्या करना चाहते हैं?

उत्तर- बच्चे अपने देश का मान बढ़ाकर उसका सिर विश्व में ऊँचा करना चाहते हैं।

ग) देश हमें क्या देता है और क्या हर लेता है?

उत्तर- देश हमें सुख देता है और दुख हर लेता है।

प्रश्न-५) दिए गए प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए-

क) कवि पथिक और पंछी बनकर क्या कर रहे हैं?

उत्तर- कवि पथिक और पंछी बनकर विश्व के पथ और नभ पर चलना और उड़ना सीख रहे हैं।

ख) कवि की क्या मनोकामना है?

उत्तर- कवि की यह मनोकामना है कि जितना उन्होंने अपने देश से पाया है, उससे कहीं अधिक दे जाएँ।

प्रश्न-४) पंक्तियाँ पूरी कीजिए-

क) पिता तुल्य है **देश हमारा ,**

हम सबका यह पालनहार।

व्याकरण- पाठ1-भाषा

परिभाषा- भाषा वह साधन है जिसके द्वारा हम अपनी बातों को दूसरों तक पहुँचाते हैं और दूसरों की बातों को समझते हैं।

भाषा के दो रूप होते हैं- १) मौखिक भाषा २) लिखित भाषा

१) मौखिक भाषा- बोलना और सुनना भाषा का मौखिक रूप है, जैसे फोन पर एक-दूसरे से बातें करना, गाना सुनना आदि।

२) लिखित भाषा- लिखना और पढ़ना भाषा का लिखित रूप है, जैसे पत्र लिखना, ई-मेल करना, अखबार पढ़ना आदि।

लिपि-लिखने की विधि लिपि कहलाती है।

प्रत्येक भाषा की अलग-अलग लिपि होती है। जैसे-

भाषा	लिपि
संस्कृत ,हिंदी ,मराठी ,गुजराती	देवनागरी
उर्दू	फ़ारसी
अंग्रेजी	रोमन
पंजाबी	गुरुमुखी